फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय नौघर

लम्बगॉव टिहरी गढवाल (उत्तराखण्ड) 249165
Website: www.psbcollegelambgaon.in
E-mail : gdclambgaon2001@gmail.com
mobile 7078802868

आज दिनांक 12/09/2023 को फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय नौघर, लंबगांव में महिला प्रकोष्ठ की सकारात्मक पहल के तहत छात्राओं के हित में एक महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम चलाया गया। पुरातन छात्र अंकित रावत के प्रयास स्वरूप बाल विकास विभाग आंगनवाड़ी, नौघर द्वारा महाविद्यालय को सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन भेंट की गई। यह छात्राओं के हित में एक बड़ा कदम रहा। वर्तमान परिदृश्य में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर जागरूकता निरंतर बढ़ रही है। महाविद्यालय दूरस्थ क्षेत्र में स्थित है जहां पर छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए जागरूक करना अति आवश्यक है। महाविद्यालय में छात्राओं की अधिक संख्या को देखते हुए व उनके हित में कार्य करते हुए महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं बाल विकास विभाग आंगनबाड़ी,नौघर के सम्मिलित प्रयास स्वरूप महाविद्यालय में सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन इंस्टॉल की गई। तत्पश्चात महिला प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा छात्राओं के लिए एक परामर्श सत्र चलाया गया जिसमें छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता व सुचिता के विषय में बताया गया। आंगनबाड़ी सदस्या श्रीमती सुनीता रावत जी ने छात्राओं को मशीन का प्रयोग करना सिखाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।

प्राचार्य
फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय
नौघर, लम्बगाँव